Rajasthan Patrika

Dt: 03/10/2025 Pg. no. 03

सचिवालय से महात्मा मंदिर तक ट्रायल रन

# गांधीनगर में नए वर्ष पर महात्मा मंदिर तक दौड़ेगी मेट्रो ट्रेन

गांधीनगर @ पत्रिका. विजयादशमी पर गांधीनगर में मेट्रो ट्रेन सचिवालय से महात्मा मंदिर तक का ट्रायल रन सफलतापूर्वक शुरू किया गया। दीपावली के बाद गुजराती नव वर्ष की शुरुआत से महात्मा मंदिर तक गांधीनगर वासियों को मेट्रो ट्रेन की सेवा मिलने लगेगी।

गांधीनगर में अब तक सचिवालय तक मेट्रो ट्रेन दौड़ रही है। अब मेट्रो ट्रेन के लिए आगे पांच और स्टेशनों- अक्षरधाम, पुराना सचिवालय (जीवराज मेहता भवन), सेक्टर-16, सेक्टर-24 और अंतिम स्टेशन महात्मा मंदिर तक ट्रायल रन शुरू किया गया है। इस ट्रायल रन के पूर्ण होने के बाद कमिश्नर मेट्रो रेल सेफ्टी (सीएमआरएस) के समक्ष आवश्यक अनुमतियों के लिए आवेदन किया जाएगा। इसके बाद नववर्ष की शुरुआत में महात्मा मंदिर तक मेट्रो रेल की सुविधा नागरिकों को मिलने लगेगी।

इस प्रोजेक्ट के पूर्ण होने से अहमदाबाद और गांधीनगर के 68 किलोमीटर लंबे रूट पर स्थित 53 स्टेशनों को मेट्रो रेल की सुविधा प्राप्त होगी, जिससे यात्रा और अधिक सस्ती, आरामदायक और प्रदूषणमुक्त बन जाएगी।